# मुनाफावसूली से चीनी वायदा में गिरावट

सटोरियों की मुनाफावसूली और हाजिर बाजार में अधिक आपूर्ति के कारण वायदा कारोबार में शुक्रवार को चीनी की कीमत 9 रुपये की गिरावट के साथ 3,283 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। एनसीडीईएक्स में चीनी के फरवरी डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 9 रुपये अथवा 0.27 फीसदी की गिरावट के साथ 3,283 रुपये प्रति क्विंटल रह गई, जिसमें 20,450 लॉट के लिए कारोबार हुआ। चीनी के जनवरी डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 8 रुपये अथवा 0.25 फीसदी की गिरावट के साथ 3,252 रुपये प्रति क्विंटल रह गई, जिसमें 23,250 लॉट के लिए कारोबार हुआ। *भाषा*